।।कार्यालय पुलिस उप अधीक्षक वृताधिकारी वृत थानागाजी जिला अलवर ।।

क्रमाक- 71

दिनांक- 03.03.2021

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय
जिला अलवर राज.

विषयः- राजस्थान सम्पर्क पोर्टल परिवाद परिवादी JAWAB DO SARKAR के संबंध मे।

प्रसंगः- राजस्थान सम्पर्क पोर्टल परिवाद सख्या 02210679540988 दिनांक 26- फरवरी-2021 की पालना मे ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एंव प्रासांगिक पत्र के सन्दर्भ मे निवेदन है कि जरिये राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर परिवाद JAWAB DO SARKAR का एक परिवाद इस आशय का पेश किया कि दिनांक 26/02/2021 को प्रमुख समाचार पत्र दैनिक भास्कर जयपुर संस्करण में प्रकाशित खबर शीर्षक "अलवर; युवती से दुष्कर्म, पीड़िता के परिजनों ने आरोपी के घरवालों को पीटा, 4 लोग गंभीर" के सम्बन्ध में|

दौराने जांच उक्त परिवाद के सम्बन्ध मे थाना थानागाजी पर मु0न0 52/21 धारा 376 आईपीसी दर्ज है। जिसमे पीडिता का मैडिकल मुआयना कराया जाकर तफ्तीस की जा रही है। मु-न- 52/21 के क्रोष मे मु0न0 53/21 धारा 143,323,341,452,308,354 आईपीसी मै दर्ज है, जिसमे 5 लोगो के साथ मारपीट हुई थी जो घायल होकर जयपुर एसएमएस अस्पताल मे भर्ती हुए थे तथा प्रकरण मे बाद अनुसंधान मुल्जिमा पार्वती उर्फ पारा पत्नि जगदीश उम्र 40 साल व मुलजिमान सुरेश पुत्र रामकुवार उम्र 38 साल व योगेन्द्र पुत्र जगदीश उम्र 23 साल जातियान बागडा ब्राह्मण निवासियान भालको की ढाणी थानागाजी थाना थानागाजी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भिजवाया जा चुका है । अन्य आरोपियान की तलाश जारी है । अनुसंधान जारी है।

जांच रिपोर्ट बाद अवलोकनार्थ श्रीमान की सेवा मे सादर प्रैषित है ।

पुलिस उप अधीक्षक
वृताधिकारी वृत थानागाजी
जिला अलवर